# पीड़ितों के मसीहा थे आंबेडकर

नवीन मेल संवाददाता। रांची



जब कभी भी इतिहास को छान कर अवलोकन किया जाएगा तो उन सबमें सबसे किमती हीरे के रूप में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का नाम होगा। बाबा साहेब भारतीय संविधान के शिल्पकार ही नहीं एक प्रखर वक्ता, कुशल समाज सुधारक, कुशल राजनीतिज्ञ, कुशल प्रशासक, महान अर्थशास्त्री के साथ- साथ बहुगुणी प्रतिभा के धनी थे। उनकी वैज्ञानिक चेतना संवैधानिक सुझबुझ व दूरदर्शिता का लोहा पुरी दुनिया मानती है। उनकी प्रतिभा का आकलन करना समंदर को आईना दिखाने जैसा है। उनकी शिक्षा पर नजर डालने पर हम पाते हैं कि उन्होंने 1916 में अर्थशास्त्र में पीएचडी की डिग्री ली और 1920 में उन्हें लंदन विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट की डिग्री मिली।उन्होनें कोलम्बिया विश्व विद्यालय से 1952 में डॉक्टर ऑफ लॉज की उपाधि प्राप्त की और भारत के उस्मानिया विश्व विद्यालय से 1953 में डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री के पद को सुशोभित किया और शोषित, पीड़ित, वंचित, व असहाय के मसीहा बनकर उभरे। उक्त बातें प्रदेश कार्यालय राँची में भीम सेना द्वारा संविधान के रचयिता बाबा भीमराव अंबेडकर के जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मुख्य अतिथि के रुप में विचार व्यक्त करते हुए लोहियावादी एवं अम्बेडकर वादी विचारधारा के ज्ञाता मनोहर कुमार यादव ने कही। आगे बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भीम सेना के प्रदेश अध्यक्ष इमरान होदा ने कहा कि 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ रामजी मालोजी सकपाल व भीमा बाई की 14 वीं संतान का जन्म हुआ जिन्हें हम और आप बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम से जानते हैं, इनके पिता रामजी मालोजी सकपाल एक सुबेदार थे। 1907 में उन्होंने अपनी मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की व 1912 में अर्थशास्त्र और राजनीतिक विज्ञान में बीए की डिग्री प्राप्त की वह इतनी उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले अपने वर्ग के पहले व्यक्ति थे।बाबा साहेब हमें प्रतिमाओं में कम और किताबों में ज्यादा मिलेगें, अनहिलेशन ऑफ कास्ट, द बुद्ध ऐंड हिज धर्म, कास्ट इन इंडिया, हू वेअर द शूद्राज, रिडल्स इन हिन्दूईज्म, उनकी मुख्य पुस्तकें एंव मूकनायक, बहिष्कृत भारत, समता, प्रबुद्ध भारत और जनता पाँच पत्रिकाएं हैं। आज की युवा पीढ़ी इनकी किताबों का गहन अध्ययन करें तो यकीनन भारत को एक नया आयाम मिलेगा। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश महासचिव आरती देवी ने बाबा साहेब के कथन को दुहराते हुए कहा कि शिक्षा सबसे बड़ी शक्ति और कलम सबसे बड़ा हथियार है, इस पंक्ति पर अमल किया जाए तो भारत एक दिन अवश्य विश्व गुरु होगा।मौके पर प्रदेश सचिव सलीम अंसारी, रांची जिला महानगर अध्यक्ष श्रवण कुमार दास, महानगर सचिव बसंती कुमारी व मौसमी कुमारी, गुमला जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर गोप ,ललित कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।कार्यक्रम के समापन से पूर्व भीम सेना में नवनियुक्त सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## गर्मी की तपिश बढ़ी लोगों को घर से निकलना हुआ मुश्किल

रांची। रांची सहित राज्य के कई जिलों में तेज धूप ने अब लोगों को परेशानी में डालना शुरू कर दिया है। कड़ी धूप के कारण अप्रैल के महीने में ही लोगो ने बेवजह घर से निकलना कम कर दिया है। दोपहर के बाद सड़कें खाली दिखने लगी हैं। बढ़ती गर्मी के कारण लोग अब पेड़ की छांव में बैठना पसंद कर रहे हैं वही नारियल पानी, तरबूज और केतारी का रस पीना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। बढ़ती गर्मी के कारण फलों की बिक्री में भी इजाफा देखा जा रहा है। सड़क के किनारे फल की बिक्री कर रहे विक्रेताओं की माने तो अन्य दिनों की अपेक्षा हाल के दो-चार दिनों में लो रसदार फलों की खरीदारी अधिक कर रहे हैं। मौसम विभाग की मानें तो अप्रैल के तीसरे सप्ताह से तापमान में वृद्धि देखी जाएगी। इसके साथ ही गर्मी के मद्देनजर लोगों को खानपान पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

# डॉ. आंबेडकर की 132वीं जयंती मनी

नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली



सिल्ली आम्बेडकर पार्क मे आम्बेडकर ग्राम समिति के द्वारा शुक्रवार को देश रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहे।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षित, संगठित एवं संघर्षशील समाज की कल्पना की थी, महिलाओं की उन्नति की कल्पना थी। लेकिन आज हालात बिल्कुल उलटा है। सरकार की मंशा भी बाबा साहब के विचारों, उनकी कल्पनाओं के विपरीत है। राज्य में शिक्षा व्यवस्था की हालत गंभीर है। बच्चों को बुनियादी शिक्षा दिए बिना पास कर दिया जा रहा है। यह भविष्य के साथ खिलवाड़ है। महिलाओं की स्थिति भी किसी से छिपी नहीं है। महिलाओं को सम्मान नहीं देने के मामले में हमारा राज्य पहले पायदान पर है। बाबा साहब सामाजिक न्याय की बात करते थे, लेकिन सरकार के कार्यों से ऐसा प्रतीत होता है कि बड़ी आबादी के साथ ये न्याय नहीं करना चाहते। सरकार ने एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण के मुद्दे को भी अपना पॉलिटिकल एजेंडा बनाकर लटका दिया है। इन्होंने तो पंचायत चुनाव में पिछड़ों के लिए आरक्षित हजारों पदों को गैर आरक्षित कर दिया और नगर निकाय चुनाव को लेकर भी इनकी मंशा यही थी। सरकार से हम आग्रह करते हैं कि युगपुरुष बाबा साहब को वो सिर्फ श्रद्धांजलि अर्पित ना करें, बल्कि उनके विचारों को नीति-निर्णयों में भी शामिल करे। उक्त बातें झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही।आज आजसू पार्टी ने पूरे राज्य में संविधान शिल्पकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई। सर्वप्रथम अंबेडकर ग्राम समिति के द्वारा ग्राम विकास स्कूल से अंबेडकर पार्क तक एक शोभायात्रा निकाला गया इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल होकर जय भीम का नारा लगाते हुए अंबेडकर पार्क तक पहुंचे।

## रातू झखराटांड में महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्य

रातू। रातू थाना क्षेत्र के झखराटांड में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शुकवार की बताई जा रही है। मृतिका की पहचान राम गढ़ जिले के गिद्दी निवासी कैलाश सोनी की 30 वर्षीय पत्नी रानी देवी के रूप में हुई। वर्तमान में वह झखरा टांड निवासी उमेश साहु के मकान में किराये में रहते थे। मृतिका के दो पुत्री भी है। घटना के समय घर मे कोई नही था। घर के अंदर से दरवाजा बंद था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर घर के अंदर पहुंची तो मृतिका सोनी देवी का शव घर के एंगल में लगे फंखे में दुपटा के सहारे शव को लटकता हुआ पाया। पुलिस ने शव को नीचे उतारा व पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही।

### पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड ने डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई

# डॉ. आंबेडकर एक बेहतरीन समाज सुधारक थे : डॉ. शशि

नवीन मेल संवाददाता। रांची



ग्रीन लैंड पब्लिक स्कूल में पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के तत्वावधान में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने डॉ आंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम मे पैरालंपिक कमेटी ऑफ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष डॉ शशि रंजन सिंह ने कहा की भारत रत्न डॉ अंबेडकर ने अस्पृश्यता अशिक्षा अंधविश्वास के साथ-साथ सामाजिक राजनीतिक एवं आर्थिक विषमता को सबसे बड़ी बुराई के रूप में प्रस्तुत किया और एक नैतिक एवं न्याय पूर्ण आदर्श समाज के निर्माण के लिए उन्होंने स्वाधीनता समानता और भ्रातृत्व के सूत्रों की आवश्यकता तथा उनका समर्थन किया। कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुमार दत्ता ने कहा कि डॉ अंबेडकर जातिगत भेदभाव को समाप्त करने के लिए समाज में फैली बुराइयों को समझने के तरीकों की खोज की तथा डॉ अंबेडकर ने कहा कि शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो तथा ज्ञान हर व्यक्ति के जीवन का आधार है। जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए। संगोष्ठी मे कमेटी के स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर संजय सर्राफ, इंद्रदेव शास्त्री, संजय कुमार सिंह, सच्चिदानंद प्रसाद, देव बिहारी यादव, विनोद कुमार मल्लिक ने भी अपने अपने विचार रखते हुए कहा कि भीमराव अंबेडकर डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नाम से लोकप्रिय डॉ अंबेडकर महान अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ एवं समाज सुधारक थे।

## जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम 21 जिलों में संपन्न

रांची । झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में 1950 किमी राज्यव्यापी कार्यक्रम जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम के तहत 21 जिलों में कार्यक्रम संपन्न हो गया । शुक्रवार को खूंटी और सिमडेगा में जय भारत सत्याग्रह सभा का आयोजन किया गया। जय भारत सत्याग्रह सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कॉंग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा की मैं खूंटी के इस पावन धरती को नमन करता हूं जिसमें जन्म लेनेवाले धरती आबा बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के अधिकार जल जंगल जमीन के लिए न सिर्फ अंग्रेजों से बल्कि हर उस हुक्मदार से मुकाबला किया को नमन करता हूं। समाज के हर वर्ग को अभिव्यक्ति की आजादी दी को नमन करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के द्वारा दिखाए गए सत्य के लिए आग्रह यानी उसी सत्याग्रह को अपना सबसे बड़ा अस्त्र बना कर ऐसे अंग्रेजो को जिनके साम्राज्य का कभी सूर्यास्त नहीं होता था।

# साइकिल रैली का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता। रांची

स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार, राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों के द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर तरीके से लागू करने एवं लोगों के बीच चिकित्सा सुविधा पहुंचाने के लिए हर महीने की 14 तारीख को प्रत्येक हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। भारत का सबसे पहला हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर आज के दिन 2018 में खोला गया था, जिसका पांचवी वर्षगांठ आज पूरा देश मना रहा है। इसी क्रम में आज रांची जिला अंतर्गत स्वास्थ्य मेला के प्रोत्साहन हेतु साइकिल रैली तथा बैलून उड़ाकर कƒएउ कार्यक्रम किया गया । इस कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना (मारवाड़ी कॉलेज) के स्वयंसेवकों द्वारा साइकिल रैली निकाला गया, जिस के मुख्य अतिथि स्टेट नोडल ऑफिसर डॉ ललित रंजन पाठक थे।इस कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ शशिभूषण खलको (अउटड), डॉ असीम कुमार मांझी, डॉ0 अजिमुरब मुस्तफी रांची द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया ।

# जमीन हड़पने के लिए फर्जी कागजात का हुआ इस्तेमाल

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची में सेना की जमीन को हड़पने के लिए बड़ी साजिश रची गई थी। ईडी के दस्तावेज में सेना की जमीन के साथ साथ चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन हड़पने के लिए फर्जी व नकली कागजात का सहारा लिया गया था। साथ ही गिरोह की साजिश बड़े पैमाने पर वैसी जमीन को हड़पने की भी थी जो सरकारी प्रवृति के थे या जिनकी बिक्री नहीं हो सकती थी। ईडी ने इस मामले में फर्जी कागजात तैयार करने वाले अफसर अली उर्फ अफसू खान, इम्तियाज अहमद, प्रदीप बागची, सद्दाम हुसैन, तलहा खान उर्फ सोनू, अंचलकर्मी भानु प्रताप प्रसाद और फैजान खान को गिरफ्तार किया है। सातों आरोपियों को रिमांड पर लेने के लिए ईडी ने आवेदन दिया है। सभी को शनिवार को रिमांड पर लिया जाएगा। इसके बाद इस मामले में नए तथ्य सामने आ सकते हैं।

### कैसे हुआ पैसों का खेल

ईडी ने कोर्ट को जानकारी दी है कि सेना जमीन का बाजार मूल्य 20 करोड़ 75 लाख 84 हजार 200 रुपये है। लेकिन जमीन को बाजार मूल्य से काफी कम कीमत पर सात करोड़ में बेचा हुआ दिखाया गया। जो सरकारी दर से भी काफी कम था। जांच में यह बात भी सामने आयी है कि सात करोड की राशि में महज 25 लाख रुपये प्रदीप बागची के खाते में चेक से आए। बाकि राशि को फर्जी तरीके से चेक की भुगतान की जानकारी डीड नंबर 6888/2021 में दी गई। ईडी ने पाया है कि बकाया पैसों को डीड में गलत तरीके से मेंशन किया गया ताकि खरीद बिक्री सही प्रतीत हो। ईडी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि रांची के बड़े कारोबारी विष्णु अग्रवाल ने चेशायर होम रोड , मौजा गाड़ी में एक एकड़ जमीन ली थी। ईडी ने लिखा है कि विष्णु अग्रवाल ने कई अन्य लोगों के सहयोग से फर्जी व नकली दस्तावेजों के सहारे यह जमीन हासिल की।

**सेना की जमीन का क्या है सच**

ईडी ने जांच में पाया है कि फर्जी कागजातों के सहारे नकली ऑनर प्रदीप बागची ने नगर निगम से होल्डिंग लेने की कोशिश की थी। ईडी ने पाया गया है कि यह जमीन मूल रूप से स्व बीएम लक्ष्मण राव की थी, राव ने यह जमीन सेना को दी थी, आजादी के बाद से इसपर रक्षा मंत्रालय का कब्जा था। लेकिन बाद में प्रदीप बागची ने फर्जी कागजात तैयार कर 4.55 एकड़ सेना की जमीन कंपनी मेसर्स जगतबंधु टी ईस्टेट प्राइवेट लिमिटेड को बेच दी।

# अंचल कर्मी 700 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। जमीन घोटाले को लेकर हुई ईडी की छापेमारी में एक शक्श का नाम घोटालों में बड़ी तेजी के साथ उभरा हज वो नाम है बड़गाई अंचल के कर्मी भानु प्रताप प्रसाद का ,आपको बता दे कि यह वही भानु है जिसे साल 2002 में 700 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था।ईडी ने शुक्रवार को भानु सहित सात को लैंड स्कैम में गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार 07 अगस्त 2002 को झारखंड के गुमला अंचल के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 700 रुपये रिश्वत देते दबोचा था। उस दौरान उसके पॉकेट से 6200 रुपए भी मिले थे। उस दौरान भानु प्रताप गुमला की एक महिला से जमीन के मोटेशन के एवज में रिश्वत दे रहा था गिरफ्तारी के बाद उसे जेल भेज दिया गया था। जिसके बाद वह जमानत पर बाहर निकला और अभी भी जमानत पर ही है। भानु के खिलाफ जो मुकदमा दर्ज है वह पिछले 21 सालों से लंबित है। एंटी करप्शन कोर्ट के शख्ती के बावजूद अभी तक इस मामले में गवाही की प्रक्रिया तक पूरी नहीं हुई है, जबकि अभियोजन की ओर से 16 गवाही पूरी हो चुकी है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि वर्तमान समय में बड़गाई अंचल कार्यालय में सीओ भले ही मनोज कुमार है ,लेकिन उनकी भी इतनी हैसियत नही थी कि वे भानु के किसी बात को टाल दे। भानु के रसूख के वजह से ही पिछले कई महीनों से बड़गाई अंचल में सीआई का पद खाली चल रहा है।सीआई के सारे काम खुद भानु की किया करता था। गुरुवार को ईडी की छापेमारी में बड़गाई अंचल के राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद के यहां से स्टील के बक्सों और अलमीरा में भर कर रखे गए कागजात मिले हैं।

# डॉ.भीमराव आंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई

नवीन मेल संवाददाता। रांची



कांके, राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन रांची जिला के नेतृत्व में भामाशाह नगर रिंग रोड, होचर कोल्हा साहू के आवासीय कार्यालय पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म जयंती कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अमर रहे,भारत माता की जय के उद्घोष के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित आरटीएसएम के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने बाबा साहब के अपमानजनक व त्रासदी भरी जीवनी एवं दुनिया का सबसे बड़ा एवं लिखित समतामूलक लोकतांत्रिक संविधान निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन में कहा कि आज उनके द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकार के कारण ही देश के बहुसंख्यक अति पिछड़े, दलितों, आदिवासियों, धार्मिक अल्पसंख्यकों एवं असंख्य दबे कुचले वंचित शोषित समाज को शिक्षा और समानता के अधिकार के द्वारा आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। किंतु चंद षड्यंत्रकारी शासक वर्गों के साजिशों का शिकार बन देश के बहुसंख्यक समाज आज भी सामाजिक न्याय एवं सामाजिक धार्मिक राजनीतिक भागीदारी से वंचित सामाजिक न्याय का बाट जोह रही है। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सपनों का भारत के लिए हमें धार्मिक ग्रंथों के साथ-साथ संविधान का अध्ययन करना होगा, देश में समानता के अधिकार के तहत आरक्षण, जाति आधारित जनगणना अति आवश्यक है। जिसकी जितनी आबादी मिले उनको उतनी राजनीतिक सामाजिक एवं धार्मिक भागीदारी अपना अधिकार के लिए शिक्षित और संगठित होकर संघर्ष करना होगा।

**बकाया राशि** राज्य सरकार पर लगभग 167 करोड़ रुपये बकाया है

# धान बेचकर भुगतान के लिए तरस रहे किसान

नवीन मेल संवाददाता। रांची



झारखंड में सरकार को धान बेचने वाले 31 हजार से ज्यादा किसान मायूस हैं। उनकी मायूसी की वजह यह है कि धान बेचने के बाद अब तक उनके बकाये का भुगतान राज्य सरकार की ओर से नहीं किया गया है। किसानों का राज्य सरकार पर लगभग 167 करोड़ रुपए बकाया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य के किसानों ने करीब 17 लाख क्विंटल धान राज्य सरकार को बेचा है और अब तक भुगतान के लिए तरस रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से राज्य के 27,485 किसानों को पहली किस्त के रूप में 149.15 करोड़ का भुगतान किया गया है। पर तीन महीने से ज्यादा का समय गुजर जाने पर उन्हें दूसरी किस्त और बोनस की राशि नहीं मिली है। इससे किसानों में नाराजगी है। राज्य सरकार की ओर से किसानों से 15 दिसंबर 2022 से धान की खरीदारी की शुरूआत की गयी थी। धान की खरीदारी के समय किसानों को एमएसपी की 50 फीसदी राशि का भुगतान किया गया था। धान की एमएसपी सरकार की ओर से 2040 रुपये प्रति क्विंटल तय की गयी थी। तीन माह में एमएसपी की बची 50 फीसदी राशि के साथ राज्य सरकार को प्रति क्विंटल दस रुपये का भुगतान बोनस के तौर पर करना था। पर इस बकाये का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। सरकार को दूसरी किस्त के 150 करोड़ और बोनस के रूप में 17 करोड़ का भुगतान करना है। इस बाबत पूछे जाने पर झारखंड स्टेट फूड कॉरपोरेशन के एमडी यतींद्र प्रसाद ने बताया कि किसानों को दूसरी किस्त का भुगतान मिल में धान देने के बाद किया जाता है। मिल में इस बार धान नहीं गया क्योंकि केंद्र सरकार ने कह दिया था कि चावल नहीं देंगे। केंद्र सरकार का कहना था कि अब राज्य सरकार खुद से मिल से चावल लेकर पीडीएस को दे। केंद्र सरकार ने डिसेंट्रलाइज्ड प्रोक्योरमेंट स्कीम की व्यवस्था लागू कर दी है। पहले प्रोक्योरमेंट नॉन डीसीपी मोड में होता था। डीसीपी मोड के कारण सरकार को निर्णय लेने में दो महीने का समय लग गया। इस पर करीब दो सप्ताह पहले डिसीजन हो चुका है। अब चावल मिलों से चावल आने लगा है। जल्द ही किसानों को बोनस की राशि का भुगतान किया जायेगा।

## गौरव सिंह मेमोरियल सुपर डिविजन क्रिकेट लीग में आरएंडी सेल की भारी जीत

रांची। आरडीसीए के तत्वावधान में चल रही गौरव सिंह मेमोरियल सुपर डिविजन क्रिकेट लीग के तहत शुक्रवार को आरएंडी सेल ने रॉक मैन क्रिकेट एकेडमी को 163 रनों से पराजित कर पूरे अंक अर्जित किए मेकॉन स्टेडियम में खेले गए इस मैच में आरएंडी सेल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 330 रन बनाए जिसमें पंकज कुमार ने 84 तरुण ने 79 उत्तम ने 58 और विकास ने 47 रनों का योगदान किया रोहित और अनमोल को दो-दो विकेट मिले जवाबी पारी में रॉकमैन की टीम ने 39.4 ओवर में 1 67 रन बनाकर ऑल आउट हो गई जिसमें दीपू ने 40 और रूपक ने 24 रनों का योगदान किया रोशन को 3 विद्यार्थी को दो विकेट मिले।

# डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई



नवीन मेल संवाददाता। बुढ़मू

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बुढ़मू मुख्यालय स्थित मुख्य गेट में बाबा साहेब डॉ भीम राव की स्थापित प्रतिमा पर प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर रांची जिला के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पार्वती देवी एवं प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उप प्रमुख हरदेव साहू, जिला परिषद सदस्य रामजीत गंझू , पूर्व उप प्रमुख जगजीवन महतो, राम किशुन राम, डॉक्टर मदन महतो, शिवचरण राम, राजेश राम, राजीव राम सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जयंती के अवसर पर उपस्थित लोगों ने अपने संबोधन में कहा की बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संविधान रचयिता है, और बाबा साहेब के बनाएं संविधान का नियम लागू है, और उनके बनाए गए संविधान के नियम के अनुसार आज सभी लोग चल रहे हैं।

# कलश यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़, सांसद चंद्रप्रकाश हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
नगर परिषद क्षेत्र के अरगड्डा हनुमान मंदिर में आयोजित 07 दिवसीय श्री श्री 1008 मां काली,मां बंगलामुखी मां कल्याणी,शनिदेव एवं शिव प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम दिन 14 अप्रैल को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि अरगड्डा जीएम,नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित हुए। मौके पर अतिथियों द्वारा कलश यात्रा का शुभारंभ विधिवत रूप से फीता काटकर किया गया। कलश यात्रा का जत्था मंदिर प्रांगण से दामोदर नदी तक गया। जिसमें सैकड़ों महिलाएं माथे पर कलश लेकर जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रही थीं। दामोदर नदी में पुजारियों द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर कलश में जल भरकर पुनः मंदिर की ओर प्रस्थान किये। मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि मंदिर में हर वर्ष पूरी निष्ठा और भक्ति भाव से भगवान की पूजा अर्चना की जाती है। कहा कि ऐसे आयोजन से सारा वातावरण भक्तिमय और शुद्ध हो जाता है। मौके पर अमरलाल महतो, रणधीर गुप्ता, सत्येंद्र महतो, सुशील सिंह, संगीता देवी, रणजीत पासवान, नितेश नायक, बीएन तिवारी, आनंद सिंह, मुन्ना, जनार्दन सिंह, मानी तिवारी, रणजीत सिंह, अशोक कुमार, राहुल सिंह, नितिन आदि उपस्थित थे।

# बोंगासोरी में महायज्ञ का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत होन्हे पंचायत के बोंगासोरी में श्री श्री 1008 रुद्र प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इसके तहत गुरुवार की रात्रि प्रवचन में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी व विशिष्ट पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, सम्मानित अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, रविकांत महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रवचन का उद्घाटन किया। ममता देवी ने कहा कि जिस क्षेत्र में रूद्र महायज्ञ होता है वहां सभी दैविक शक्तियों का वास होता है। कहा यज्ञ के दौरान हवन से जहां पुण्य मिलता है वहीं, इससे पर्यावरण भी शुद्ध होता है। ममता देवी ने यज्ञमंडप की परिक्रमा की तथा घूम-घूमकर देवी-देवताओं का आशीर्वाद लिया।

# जिले में याद किए गए बाबा साहब





**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
**बरही ।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेदकर की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों को प्राचार्यों और शिक्षकों ने बाबा साहब की जीवनी की संक्षिप्त जानकारियां दी । डीएवी पब्लिक स्कूल : प्राचार्य ए के सिंह की अध्यक्षता और सीसीए प्रभारी राजेश सिन्हा के संचालन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रार्थना सभा में इशिका स्पर्धा और सृष्टि श्रेया ने बाबा साहब की जीवनी को विस्तारपूर्वक बताया। विद्यालय के नन्हे मुन्हें बच्चो ने स्वयं को बाबा साहब के रोल प्ले कर उपस्थित लोगो का मन मोह लिया। अपने संबोधन में प्राचार्य सिंह ने कहा कि बाबा साहब की प्रासंगिकता आजादी के पहले और आजादी के बाद दोनो स्थितियों में महत्वपूर्ण है । ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में देश को संविधान देने का काम किया। अपने जीवन के अनेकों झंझावतों को झेलते हुए समाज के बीच एक आदर्श प्रस्तुत करने वाले डॉ अंबेदकर आज भी अमर है । उनके दिए संविधान पर चलाकर आज हमारा देश एक भारत श्रेष्ठ भारत बनने की राह पर है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाए और बच्चे मौजूद थे।

आइलेक्स पब्लिक स्कूल : बाबा साहब की जयंती के अवसर पर निदेशक शैलेश कुमार के निर्देशन में विद्यालय में बाल संसद का गठन किया गया। बताया गया कि संविधान निर्माता बाबा साहब एक महान समाज सुधारक और आधुनिक भारत के निमार्ताओं में से एक थे । निदेशक ने बाबा साहब के आदर्शो को बताते हुए उनकी जीवनी बताई। अंत में बाल संसद के सभी नव निर्वाचित सदस्यो को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई । भामाशाह सरस्वती शिशु मंदिर प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय, एसएमसी कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, आचार्य चंद्रमोहन मिश्रा और संजीव सिंह ने संयुक्त रूप से बाबा साहब की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर जयंती कार्यक्रम की शुरूआत किया । प्रधानाचार्य ने बच्चो को संविधान निमार्ता की जीवनी बताते हुए उनके आदर्शो को आत्मसात करने की बात कही। मौके पर विद्यालय के बहनों ने भी बाबा साहब पर अपने विचार रखे।

## भाजपाइयों ने बाबा साहब को किया याद



**रामगढ़।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने शहर के अंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया । साथ हीं समाजसेवी राजेंद्र नायक की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राजेंद्र नायक का पिछले दिनो देहांत हो गया था। इस मौके पर उनके साथ अनुसूचित उत्थान परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज राम,भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, कैंट मंडल महामंत्री सूर्यवंश श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि मनोज जायसवाल ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद मौके पर उपस्थित अनुसूचित जाति उत्थान परिषद के लोगों का धन्यवाद करते हुए कुंटू बाबू ने कहा की बाबा साहेब ने देश में विकास का पैमाना अति पिछड़ों और दलितों के उत्थान को बनाया । कहा कि वर्तमान सरकार ने देश भर में दलितों के उत्थान हेतु ढेर सारी योजनाओं को क्रियान्वित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज प्रसाद ,मुकेश नायक ,बबलू राम, धीरज राम, अविनाश राम ,संतोष नायक ,अजय पासवान ,उत्तम पासवान, राजू रजक, किशोर रजक ,दिलीप राम ,दिलीप नायक, सुनील नायक,मणिशंकर ठाकुर, अरविंद सिंह, मनोज साव मौजूद थे।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने बाबा साहेब की मनायी जयंती




**रामगढ़।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा रामगढ़ जिला द्वारा 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती टायर मोड़ स्थित छात्रावास में हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार राम और संचालन जिला के उपाध्यक्ष फुलेश्वर राम ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य नीरज पासवान , मुख्य वक्ता के तौर पर भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, जिला महामंत्री खिरोधर साहू , मोर्चा के जिला प्रभारी धर्मेंद्र राम , युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रेम रविदास, सूरज पासवान, निक्की राम, धीरज राम, राम कुमार नायक, कृष्णा राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे । बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व ने तय किया था की बाबा साहेब की जयंती के मौके पर देशभर में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को उनके आदर्शों व विचारों और उपलब्धियों से अवगत कराया जाएगा।

# विधायक ने किया पुल निर्माण का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केंदुआटांड,मेरमगड़ा में विधायक अमित कुमार यादव ने शुक्रवार को पुल निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चौधरी, जिप प्रतिनिधि सीके पांडेय, मुखिया मुन्नी देवी, झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार उपस्थित थे। शिलान्यास के दौरान विधायक ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा जानकारी मिली थी जान जोखिम में डालकर लकड़ी की पुल के सहारे ग्रामीण मुख्यालय आवागमन करते है। जिसे विधायक अमित कुमार यादव ने संज्ञान में लेकर स्थल पर पहुंच जायजा लिया था और पुल निर्माण के लिए शिलान्यास किया गया ।इससे ग्रामीणों में काफी हर्ष है। विदित हो पुल का निर्माण मां भगवती इंजी कॉन के संवेदक पवन कुमार पांडेय के द्वारा कराया जा रहा है ।संवेदक ने बताया की पुल का निर्माण डीएमएफटी मद के द्वारा 74लाख 48हजार की लागत से की जाएगी। प्रयास रहेगा की निर्धारित अवधि में काम हो जाए। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, प.स.स. विकाश पांडेय, परमेश्वर साहू, अनिल आजाद, सुखु मांझी, बबुनी मांझी, दशरथ मांझी, बबुन टुडू, जागो मुर्मू, किशोर पासवान, महेंद्र टुडू, बद्री शर्मा, मोहन दास, कुमारी विनीता, माला देवी, मनिया देवी, डिल्लु गुप्ता, रामेश्वर पासवान समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## प्रियम ने बाबा साहब के योगदान पर संसद में अपनी राय रखी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बरही प्रखंड की बरसोत की बेटी अनविता प्रियम ने 14 अप्रैल को डॉ भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर भारतीय संसद में आयोजित समारोह में बाबा साहेब के योगदान विषय पर अपनी अभिव्यक्ति रखी। इस समारोह का आयोजन नेहरू युवा केंद्र के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उसके बाद झारखउत्तराखंड, तेलंगाना एवं अन्य राज्यों से चयनित प्रतिभागियों ने अपना अपना अभिव्यक्ति प्रस्तुत किया। अनविता प्रियम ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन लंबा नहीं बल्कि यादगार होना चाहिए, जो अतुलनीय उपलब्धियों और अच्छे कार्यों से भरा हो जो आने वाली पीढ़ी का मार्गदर्शन कर सके। बाबा साहेब हर विषम परिस्थिति में भी अतुलनीय, सराहनीय एवम प्रशंसनीय कार्य किए जो हमेशा हम अनुकरणीय है। उनके द्वारा बताए गए मार्गो एवम आदर्शो का अक्षरसः पालन ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## सॉफ्टेक ने बाबा साहब को किया नमन

**बरही ।** सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन के निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा सहित केंद्र के कर्मचारियों ने संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेदकर सहित महान गणितज्ञ आर्यभट्ट को नमन किया । निदेशक ने कहा कि एक ने संवैधानिक बनाने और देश को कानून देने में मदद किया तो दूसरे ने शून्य का आविष्कार कर चांद और तारों तक पहुंचने किया ।इस महान घड़ी में हमारे देश को दोनो विभूतियों ने गौरवान्वित किया है । ऐसे महामानव पर हम सभी भारतीयों को नाज है । मौके पर सेंटर मैनेजर रूमी कुमारी, लैब इंस्ट्रक्टर भोला राम, बैजनाथ महतो आदि मौजूद थे ।

## आठ दिवसीय भागवत कथा के तीसरे दिन कीर्तन का आयोजन, पहुंचे सैकड़ों लोग

**कोडरमा।** कोडरमा के माहुरी वैश्य मंडल और राधे राधे गोविंद समिति के तत्वावधान में आयोजित 8 दिवसीय भागवत कथा के तीसरे दिन प्रवचन व कीर्तन किया गया। जिसे सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे. विश्व के पंचम मूल जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रचरिका सुश्री परमेश्वरी देवी जी ने अपने प्रवचन में बताया की भगवान को पाना बस एक ही बात पर संभव है, दृढ़ विश्वास। भगवान को पाने के लिए उनके शरनागत होना होगा, मतलब उनके पास जाना होगा। कर्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषदअध्यक्ष शालिनी गुप्ता और प्रो. राखी भदानी मौजूद रही। इसके अलावा माहुरी वैश्य मंडल और राधे राधे गोविंद समिति के कई सदस्य मौजूद रहे।

# पार्टी कार्यकर्ताओं ने डॉ. आंबेडकर को किया याद




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर की 132वीं जयंती प्रखंड में धूमधाम से मनायी गयी । इस अवसर पर कही गोष्ठी तो कही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बरही में राजनीतिक पार्टिया ने भी कार्यक्रम आयोजित कर अपने कार्यकर्ताओं संग बाबा साहब को नमन किया । विहिप पूर्वी पंचायत स्थित बाराटांड के आंबेडकर चौक पर अहले सुबह विहिप कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के प्रतिमा के समक्ष नमन किया । उन्हे पुष्पांजलि और माल्यार्पण कर देश के संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, नंद किशोर कुमार, डॉ कृष्णा केसरी, सुधीर चंद्रा, सुनील सोनी, चंदन गुप्ता, पिंटू केसरी आदि सहित कई लोग मौजूद थे। झामुमो झामुमो विस प्रभारी सह केंद्रीय सदस्य विनोद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में तुरी टोला और बाराटांड़ में बाबा साहब की जयंती मनाई गई। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए झामुमो नेता ने कहा कि बाबा साहब आज मरकर भी अमर है।

## कोडरमा। 18 अप्रैल 'श्याम शरण में आजा रे' का वार्षिक उत्सव

**कोडरमा।** कोडरमा में श्याम शरण में आजा रे की बैठक अग्रसेन भवन में हुई। जिसमे 18 अप्रैल को शिववाटिका में भजनों का आयोजन धूम धाम से करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर बाबा श्याम का शीश दरबार सजाया जायेगा व अखंड ज्योत के संगीतमय भजनों का कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक में श्याम महिला प्रेमी ने वार्षिक उत्सव को लेकर झुमरी तिलैया के झंडा चौक स्थित दुर्गा मंदिर से झांकी के साथ निशान यात्रा सुबह 7 बजे निकालने का निर्णय लिया। यह यात्रा झुमरी तिलैया के झंडा चौक और महाराणा प्रताप चौक से होते हुए शिव वाटिका पहुंचेगी। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के गायकों में श्याम अग्रवाल, हर्ष तनेजा, श्वेता कौशिक, अनमोल, शुभम परासर, अनुभव अग्रवाल, पायल अग्रवाल के साथ स्थानीय श्याम भजन गायक रवि दाहिमा शामिल होंगे। दूर दराज से लोग इस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचेंगे।

# जिप सदस्यों ने मनाई डॉ. आंबेडकर की जयंती, शामिल हुए सैकड़ों



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बरकट्ठा दक्षिणी स्थित भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर की 132 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मधु दास एवं संचालन गणेश दास के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बरकट्ठा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया, पंचायत बरकट्ठा दक्षिणी मुखिया अब्बास अंसारी एवं समाजसेवी सी के पाण्डेय के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया सिमा देवी, समाजसेवी अर्जुन दास, चितो दास, सुरेश पाण्डेय, रिंकू माली, श्यामसुंदर दास, विकास कुमार दास, रामजी बेसरा, मनोज मुर्मू, समाजसेवी, युवा साथी एवं सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरूष शामिल हुए।

**हौसला** | बरही के पुलिस प्रशासन समेत सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जतायी खुशी

# अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट में पांच खिलाड़ियों का चयन











**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
प्रखंड में संचालित बरही अनुमंडल का एक मात्र क्रिकेट एकेडमी बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के खिलाडियों ने अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यही कारण है कि झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट में बीएसए बरही के पांच खिलाड़ियों का चयन हजारीबाग जिला क्रिकेट टीम के लिए किया गया है। जिसमे सूरज कुमार यादव पिता रीतलाल यादव ग्राम बेलादोहर थाना बरही झारखंड नेशनल पब्लिक स्कूल बरही के विद्यार्थी, अमित कुमार यादव पिता परमेश्वर यादव ग्राम डेबो थाना चौपारण प्लस टू हाई स्कूल बरही के विद्यार्थी, समी अख्तर पिता स्व. मो मुस्ताक ग्राम कोनरा थाना बरही उत्क्रमित हाई स्कूल करियातपुर के विद्यार्थी, अनीश कुमार यादव पिता शिवराज यादव ग्राम कोनरा थाना बरही प्लस टू हाई स्कूल बरही के विद्यार्थी व सौरभ कुमार केसरी पिता आशुतोष प्रसाद केसरी ग्राम बरही हजारीबाग रोड थाना बरही भामाशाह शिशु विद्या मंदिर के छात्र शामिल है। बता दे कि टूर्नामेंट ए, बी, सी, डी, ई, एफ छह भागों में बांटा गया है। हजारीबाग जिला को ग्रुप ए में रखा गया है, जिसका पहला मैच 16 अप्रैल को बोकारो से, 18 अप्रैल को पलामू से, 20 अप्रैल को लोहरदगा से खेला जाएगा। 23 अप्रैल से ग्रुप के सफल टीमों के बीच भिडंत होगा। वही 27 अप्रैल को फाइनल मैच खेला जाएगा। उक्त जानकारी बरही बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी ने देते हुए बीएसए के खिलाडियों के सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। खिलाड़ियों के चयन होने पर एसडीओ पूनम कुजुर, डीएसपी नाजिर अख्तर, सीओ अविन्द देवाशीष टोप्पो, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, पुनि सह थाना प्रभारी ललित कुमार, कोबरा पीआरओ सह इंस्पेक्टर पंकज कुमार यादव, बीएसए अध्यक्ष नौशाद अहमद, सचिव बलराम केशरी, व्यवसायिक संघ अध्यक्ष कपिल केशरी, मनोज केशरी, धर्मपाल केशरी, शिवकुमार ठाकुर, कुलदीप कुमार, मन्तोष कुमार यादव, प्लस टू स्कूल के प्राचार्य शिव कुमार, जेएनपीएस के निदेशक सुनील कुमार दत्त, भामाशाह के प्राचार्य रजनीश पांडेय, प्लस टू उच्च विद्यालय करियातपुर के प्राचार्य समेत बरहीवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बीआईटी मेसरा में दो दिवसीय संस्कृत संभाषण और प्रशिक्षण शिविर शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर में 14 अप्रैल को दो दिवसीय संस्कृत संभाषण एवं प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में प्राध्यापक और छात्र काफी संख्या में उपस्थित हुए। वहीं, संस्कृत की वैज्ञानिक पद्धति से जानकारी देते हुए प्रशिक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने काफी रोचक एवं आकर्षक ढंग से सभी को अवगत कराया। उन्होंने प्रशिक्षण का कार्य व्यवहारिक एवं सरल एवं सहज ढंग से देने का कार्य किया। डॉ कश्यप ने कहा कि वे इस तरह का प्रशिक्षण 1996 से ही विद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों में देने का काम करते आ रहे हैं और संस्कृत के प्रति लोगों का ध्यान आकृष्ट कराने का काम करते रहे हैं। कहा मेरा लक्ष्य है संस्कृत भाषा एक बार पुनः पुनर्जीवित होकर जन सामान्य की भाषा बने और भारत पुनः विश्व गुरु बने। कहा कि इसमें संस्कृत ही सहायक हो सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ संजय कुमार ने की। डॉ गौतम शांडिल्य ने कहा कि संस्कृत अगर जनमानस तक पहुंचाना है तो उसके प्रति रूचि बढ़ाना होगा। डॉ अंजना दुबे कहा संस्कृत की जो सिखाने की पद्धति है यह वैज्ञानिक सचमुच ही आकर्षक और प्रशंसनीय है । डॉ प्रशांत प्रशिक्षण देने का काम संस्कृत को संस्कृत के माध्यम से सिखा रहे हैं।

# साइबर क्राइम विभाग को जल्द मिलेगा अपना प्रशासनिक भवन : योगी




### सीएम योगी ने समीक्षा बैठक में विभागीय जरूरतों का ब्योरा उपलब्ध कराने के दिये निर्देश

### साइबर क्राइम विभाग में खाली 373 पदों पर भर्ती भी होगी जल्द

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही योगी सरकार अब जल्द ही साइबर क्राइम के मामलों में भी प्रभावी कार्यवाही में सक्षम हो सकेगी। दरअसल, हाल में ही सीएम योगी ने यूपी पुलिस की साइबर विंग की समीक्षा बैठक में शासन को विंग के खाली पदों को भरने और उन्हे जरूरत के अनुसार अन्य आवश्यक चीजें उपलब्ध कराने के लिए खाका तैयार करने को कहा है। साथ ही उन्होंने साइबर क्राइम विभाग को जल्द ही उनका अपना प्रशासनिक भवन भी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

विभाग इसके लिए ब्लू प्रिंट तैयार करवा रहा है। उच्च अधिकारियों का मानना है कि अपना प्रशासनिक भवन होने के बाद साइबर क्राइम से जुड़े मामलों और उनकी जांच की कार्यवाही पर बेहतर ढंग से निगरानी की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के नेतृत्व में पिछले 6 वर्षों में प्रदेश में अपराध की घटनाओं में काफी कमी आयी है।

वहीं योगी सरकार ने अपराध को कम करने के लिए यूपी पुलिस को हर संभव संसाधन, मैनपॉवर उपलब्ध कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समय-समय पर गृह विभाग और यूपी पुलिस की विभिन्न विंग्स की समीक्षा बैठक की।

### साइबर क्राइम विंग की हर जरूरत को किया जाएगा पूरा : सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को साइबर विंग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जनपद स्तर पर साइबर सेल की स्थापना के बाद साइबर अपराधों में पिछले तीन साल में काफी कमी आई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में साइबर अपराध के 11770 मामले दर्ज किए गए थे वहीं वर्ष 2022 में करीब सात हजार मामले दर्ज किए गए। अगर बात वर्ष 2023 की करें तो मार्च तक सिर्फ पंद्रह सौ ही मामले दर्ज हुए हैं। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीरो टॉलरेंस नीति के तहत साइबर अपराध पर शत प्रतिशत लगाम लगाने के लिए विभाग को जिन संसाधनों की आवश्यकता है उनका खाका तैयार करें, जिससे कार्रवाई को और तेज किया जा सके। ऐसे में अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए विभाग के अपने प्रशासनिक भवन की नितांत आश्वयकता है। साथ ही रिक्त पदों को भरने, वाहन, साइबर क्राइम से जुड़े अत्याधुनिक उपकरण, मुख्यालय स्तर पर एडवांस साइबर फारेंसिक लैब, परिक्षेत्रीय साइबर क्राइम थानों पर बेसिक साइबर फॉरेंसिक लैब, प्रत्येक जनपद में साइबर क्राइम थानों की स्थापना की जरूरत है। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों को सभी का ब्योरा तैयार कर शासन को सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने विभाग को आश्वस्त किया कि जल्द ही उनकी सारी जरूरतों को पूरा किया जाएगा।

### साइबर क्राइम विंग में 373 पद हैं खाली

समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने सीएम योगी को बताया कि वर्तमान में विंग में करीब 373 पद खाली हैं, जो अपर पुलिस अधीक्षक से लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर तक के हैं। बैठक में बताया गया कि विभाग में 3 पद अपर पुलिस अधीक्षक, 7 पद पुलिस उपाधीक्षक, 75 पद निरीक्षक, 75 पद उपनिरीक्षक, 23 पद मुख्य आरक्षी, 128 पद आरक्षी, 23 पद आरक्षी चालक, 7 फालोवर और 32 पद कंप्यूटर ऑपरेटर के खाली हैं। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों को सभी पदों का खाका तैयार कर शासन को जल्द से जल्द सौंपने को कहा है ताकि इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा सके।

# संबलपुर हिंसा : ओडिशा पुलिस ने 32 लोगों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। भुवनेश्वर**



ओडिशा पुलिस ने बुधवार 12 अप्रैल को संबलपुर शहर में हनुमान जयंती के अवसर पर निकाली गई एक मोटरसाइकिल रैली के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा के सिलसिले में कम से कम 32 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संबलपुर कस्बे में 12 अप्रैल की शाम को हनुमान जयंती समन्वय समिति के सदस्यों, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों द्वारा हनुमान जयंती शोभायात्रा निकाली गई। रैली के दौरान दो समुदायों के बीच झड़प हो गई। हिंसा में कम से कम 10 पुलिसकर्मी और कई नागरिक घायल हो गए। इस घटना के बाद राज्य सरकार ने 13 अप्रैल की सुबह 10 बजे से पूरे जिले में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी है। संबलपुर जिला प्रशासन ने शांति बनाए रखने के लिए निषेधाज्ञा भी लागू कर दी थी। संबलपुर के पुलिस अधीक्षक बी. गंगाधर ने शुक्रवार को मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि पिछले तीन दिन में 32 लोगों को उनकी कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, पहले हिरासत में लिए गए कम से कम 40 लोगों को चेतावनी के बाद घर जाने दिया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि दुकानों में आग लगाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि चाकूबाजी के मामले में तीन आरोपियों को सलाखों के पीछे डाला गया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा, विभिन्न वीडियो फुटेज और तस्वीरों की जांच के बाद, हमने हिंसा में शामिल 25 अन्य लोगों की पहचान की है। हम उन्हें जल्द ही पकड़ लेंगे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हनुमान जयंती मोटरसाइकिल रैली के सुचारू आयोजन के लिए, 26 डीएसपी रैंक के अधिकारियों, 30 इंस्पेक्टरों, 70 एएसआई और एसआई रैंक के अधिकारियों सहित पुलिस बल के 42 प्लाटून को संबलपुर में तैनात किया गया है। इसके अलावा, 20 गश्त दलों और कई खुफिया टीमों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि पांच ड्रोन रैली पर नजर रखेंगे। जुलूस के रास्ते में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। संबलपुर कलेक्टर अनन्या दास ने कहा, हमने दोनों समूहों से बात की है और उन्होंने हमें जुलूस के सुचारू संचालन के लिए सहयोग का आश्वासन दिया है। उन्होंने चेतावनी दी, अगर कोई अप्रिय घटना होती है, तो तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ओडिशा भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल संबलपुर में है जिसमें कई जनप्रतिनिधि शामिल हैं। उन्होंने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, जो ओडिशा में हैं, ने 12 अप्रैल की घटना के बारे कहा कि चरमपंथी और कट्टरपंथी ताकतें अब ओडिशा जैसे शांतिपूर्ण राज्य में सिर उठा रही हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### नित्यानंद राय ने की चिराग से मुलाकात



**पटना।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान से मुलाकात की। दोनो नेताओं के बीच लंबी बातचीत हुई है। इन दिनों नेताओं के मिलने के बाद चिराग के फिर से एनडीए में जाने को लेकर बिहार की सियासत में चचाओं का बाजार गर्म है। इस संबंध में शुक्रवार को जब चिराग पासवान से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उनसे मेरा व्यक्तिगत और पुराना संबंध है। उन्होंने हालांकि यह स्वीकार किया कि कई मुद्दों पर बातचीत हुई। उन्होंने एनडीए में फिर से जाने के संबंध में जाने की चर्चा के विषय में पूछे जाने पर कहा कि समय आने पर बता दिया जाएगा।

### नारायणपुर के बड़े बुरगुम में प्रेशर आईईडी बम बरामद

**नारायणपुर।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत जिला पुलिस पुलिस बल, आईटीबीपी एवं बम डिस्पोजल स्क्वाड़ की संयुक्त टीम कैम्प कड़ेमेटा एवं कड़ेनार से सर्चिंग अभियान हेतु रवाना हुई थी। सर्चिंग के दौरान कड़ेनार-कड़ेमेटा मुख्य मार्ग पर ग्राम बड़े बुरगुम में निमार्णाधीन सडक के पास सुरक्षा बल को नुकसान पहुचाने के लिए नक्सलियों ने एक प्रेशर आईईडी 05 किग्रा. लगा रखा था। जिसे बम डिस्पोजल स्क्वाड़ के जवानों शुक्रवार को सुरक्षित बरामद कर मौके पर ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया है। मामले में थाना छोटेडोंगर में नक्सलियों के विरुद्ध धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अन्तर्गत अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया है।

### दिल्ली दौरे के बाद घर लौटे नीतीश कुमार का भव्य स्वागत

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का शुक्रवार को नई दिल्ली से लौटने के बाद भव्य स्वागत किया गया है। सीएम नीतीश कुमार विपक्ष को एकजुट करने के मिशन पर दिल्ली पहुंचे थे। पटना में पार्टी के मुख्यालय में जनता दल (यू) के कार्यकताओं ने गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर सीएम नीतीश कुमार का स्वागत किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने देश का नेता कैसा हो, नीतीश कुमार जैसा हो के नारे लगाए। मुख्यमंत्री भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाने के लिए नीतीश कुमार पार्टी कार्यालय में थे। वहां पहले से ही बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद थे और उन्होंने उनका तहेदिल से स्वागत किया। जब वे वाहन से बाहर निकले तो उन्होंने उनकी कार और उन पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाईं।

# 48 दिन में 44 साल के आतंक का अंत

### प्रयागराज में अतीक के आर्थिक साम्राज्य पर ईडी का बड़ा वार

### डमी कंपनियों के जरिये करता था अरबों का काला कारोबार

**नवीन मेल नेटवर्क। प्रयागराज**

प्रयागराज से प्रदेश के कई शहरों में जिस आतंक और दहशत को कायम करने में माफिया अतीक अहमद ने 44 साल लगाए उसे यूपी की योगी आदित्यनाथ की सरकार ने महज 48 दिनों में खत्म कर दिया। अतीक और उसके करीबियों के काले कारोबार के साम्राज्य को ध्वस्त करने में अब योगी सरकार को प्रवर्तन निदेशालय का भी साथ मिल रहा है।

अतीक अहमद पर पहला आपराधिक मामला 1979 में प्रयागराज के खुल्दाबाद पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ था। तब से 44 साल के उसके आपराधिक सफर में उस पर 102 केस दर्ज हुए लेकिन किसी भी मामले में कोई सरकार उसे सजा नहीं दिलवा पाई। योगी राज में पहली बार यह संभव हुआ जब पूर्व बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह अधिवक्ता उमेश पाल के अपहरण के मामले में एमपीएमएलए की कोर्ट ने अतीक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

इधर 24 फरवरी 2023 को उमेश पाल की हत्या से कानून व्यवस्था को नाकाम चुनौती देने के अतीक और उसके गुर्गों के दुस्साहस के बाद यूपी के सीएम योगी के माफिया को मिट्टी में मिलाने के संकल्प ने अतीक के जुर्म और जरायम के साम्राज्य तहस नहस कर दिया गया। अतीक के बेटे असद सहित उसके 4 गुर्गों को पुलिस ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया। अपराध से अर्जित की गई उसकी और उसके गुर्गों की 1400 करोड़ की सम्पत्ति जब्त की जा चुकी। इसे अतीक के आतंक के अंत माना जा रहा है।



### अतीक के आर्थिक साम्राज्य पर ईडी का वार

**एक** तरफ माफिया को मिट्टी में मिलाने का सिलसिला जारी है तो दूसरी तरफ आर्थिक अपराध से जुड़ी जांच एजेंसियां भी अतीक के आर्थिक साम्राज्य को चोट पहुँचाने में लग गई हैं। अतीक अहमद पर दर्ज मनी लॉड्रिंग केस की जांच में जुटी प्रवर्तन निदेशालय की 15 टीमों ने प्रयागराज में अतीक के करीबियों के कई ठिकानों पर जमकर छापेमारी की है। इसमें अतीक अहमद के वकील खान शौलत हनीफ, अतीक के अकाउंटेंट सीताराम शुक्ला, रियल एस्टेट कारोबारी खालिद जफर, बसपा के पूर्व विधायक आसिफ जाफरी, बिल्डर संजीव अग्रवाल, कार शोरूम मालिक दीपक भार्गव के नाम शामिल हैं। इस कार्यवाही में 100 करोड़ से अधिक की बेनामी संपत्तियों का भी खुलासा हुआ है। वैसे अतीक पर दो साल पहले 2021 में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था और इस मामले में उसकी 8 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई थी।

### डमी कंपनियों के जरिए माफिया करता था काला कारोबार

**प्रयागराज** शहर में अतीक अहमद के करीबियों के ठिकानों पर की गई कार्यवाही में प्रवर्तन निदेशालय को मनी लांड्रिंग केस में बेहद अहम सबूत मिले हैं जिससे उसके काले कारोबार के नेटवर्क का बड़ा खुलासा हुआ है। ईडी की छापे की कार्यवाही के दौरान बरामद दस्तावेजों से 50 से अधिक ऐसी शेल कंपनियों का भी पता चला है जो डमी कंपनियां हैं जिनका मालिक दस्तावेजों में तो कोई और है, लेकिन इनमें रकम अतीक ने निवेश की थी। इनके जरिये अतीक अपनी ब्लैकमनी को व्हाइट में तब्दील करता था। इन कम्पनियों में एमजे इन्फ्रा ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स जाफरी स्टेट लिमिटेड, फना एसोसिएटेड प्राइवेट लिमिटेड, एमजे इन्फ्रा हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड, एफ एंड ए एसोसिएट प्राइवेट लिमिटेड, असाद सिटी, एमजे इन्फ्रा स्टेट प्राइवेट लिमिटेड और एमजे इन्फ्रा लैंड, एलएलपी जैसी कम्पनियां शामिल हैं। इनमें से अधिकतर वह कंपनियां हैं, जिनके बारे में जिला पुलिस ने पहले ही शासन को पत्र भेजकर इनकी जांच प्रवर्तन निदेशालय से कराने का अनुरोध किया था।

# सतुआइन-वैशाखी को ले गंगा स्नान के लिए उमड़ी भीड़



**एजेंसी। बेगूसराय**

विक्रम संवत 2080 की शुरूआत, मिथिला के पावन पर्व सतुआइन और वैशाखी के अवसर पर शुक्रवार को गंगा घाटों पर स्नान करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

इस अवसर पर सबसे अधिक भीड़ पावन गंगा तट सिमरिया धाम में उमड़ी। जहां मिथिला से लेकर नेपाल और बिहार के विभिन्न हिस्से से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे तथा गंगा स्नान, गंगा पूजन और दान किया। खास करके मिथिला से गंगा स्नान के लिए आए लोगों ने स्नान पूजन के बाद सत्तू दान किया तथा विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना की। सतुआइन को लेकर अहले सुबह से ही स्थानीय लोगों के अलावा मिथिला क्षेत्र समस्तीपुर, दरभंगा, सीतामढ़ी, मधुबनी सहित पड़ोसी देश नेपाल से भी बड़ी संख्या में लोग सिमरिया पहुंच गए थे। सुरक्षित गंगा स्नान कराने के लिए डीडीआरएफ के जवान भी मोटर बोट के साथ सतर्क थे तथा लोगों को गहरे पानी में जाने से रोकते रहे।

# यूपी : एएसआई की संरक्षित सूची में शामिल हुआ 'नौबत खाना'



**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के बड़ा इमामबाड़ा परिसर में स्थित नौबत खाना या नक्कार खाना भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की संरक्षित सूची में शामिल हो गया है। एएसआई ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। शहर के कई अन्य विरासत स्मारकों के साथ बड़ा इमामबाड़ा पहले से इस सूची में शामिल है। नौबत खाना इमामबाड़े के सामने बना है और इमामबाड़ा परिसर का हिस्सा है। इसे नगाड़ा बजाने वालों के लिए बनाया गया था जो नगाड़ा बजाकर समय की सूचना देते थे और नवाब के दरबार में आने वाले विशिष्ट अतिथियों का स्वागत भी करते थे। बड़ा इमामबाड़ा 1920 से ही एएसआई की संरक्षित सूची में शामिल है, लेकिन नौबत खाना को संरक्षित सूची से बाहर रखने के कारण यहां बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हो गया था। वकील मोहम्मद हैदर ने बताया, उपेक्षा और प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह स्मारक भारी अतिक्रमण का शिकार है। अतिक्रमणकारी इस संरक्षित स्मारक के भीतर रह रहे हैं जिससे इसे अपूर्णीय क्षति हो रही है और इसका अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। यहां तक कि भारतीय पुरातत्व संरक्षण ने भी नौबत खाने के अंदर अपना कार्यालय खोल लिया है जो संरक्षक की ओर से किया गया बेहद खेदपूर्ण कार्य है।

### प. बंगाल में अमित शाह की हुंकार, बोले

# ममता के हिटलर शासन को चलने नहीं देंगे

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर बीरभूम पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सिउड़ी में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर हमला बोला है। शुक्रवार अपराह्न यहां संबोधन करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ममता बनर्जी के तानाशाह शासन को चलने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी यह सपना देख रही हैं कि उनके बाद उनके भतीजे (अभिषेक बनर्जी) राज्य के मुख्यमंत्री बनेंगे लेकिन मैं गारंटी देता हूं कि राज्य में अगला मुख्यमंत्री भाजपा का होगा। मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार बीरभूम जिले के बाहुबली नेता अणुव्रत मंडल का जिक्र करते हुए शाह ने ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट नेता मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद हैं लेकिन ममता बनर्जी ने आज भी उन्हें जिलाध्यक्ष बना रखा है।

### शाह ने की बंगाल की 33 लोस सीटें जीतने की भविष्यवाणी



पंचायत चुनाव से ऐन पहले पश्चिम बंगाल दौरे पर आये केंद्रीय गृह मंत्री ने बीरभूम की जनसभा से 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर बड़े दावे किये हैं। राज्य की 42 में से कम से कम 33 सीटों पर जीत का लक्ष्य सुनिश्चित करते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल वासियों को यह तय करना होगा कि राज्य से कम से कम 33 सीटें भाजपा को मिलें ताकि नरेन्द्र मोदी इस देश के प्रधानमंत्री बने रहें। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पुख्ता जवाब केवल एक व्यक्ति दे सकता है और वह हैं पीएम मोदी, ममता बनर्जी नहीं। जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद केवल एक व्यक्ति समाप्त कर सकता है, वह हैं पीएम मोदी, ममता बनर्जी नहीं। बंगाल से भ्रष्टाचार हिंसा का राज केवल एक आदमी समाप्त कर सकता है, वह हैं पीएम मोदी। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी, कांग्रेस और वामदलों ने मिलकर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को सालों तक रोके रखा लेकिन एक दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां गए, भूमि पूजन किया और आज भव्य राम मंदिर वहां बन रहा है। अमित शाह ने कहा कि देश से अगर भ्रष्टाचार को खत्म करना है तो नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाए रखना होगा और इसके लिए जरूरी है कि बंगाल के लोग अधिक से अधिक सीटें भाजपा की झोली में डालें। उन्होंने बीरभूम के लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि आप सबको यह वादा करना होगा कि पश्चिम बंगाल से बुआ-भतीजे की भ्रष्ट सरकार को खत्म करने के लिए वोट करेंगे।

**कार्यक्रम** | चार दिवसीय डॉ. आम्बेडकर जयंती समारोह सांस्कृतिक हर्षोल्लास के साथ संपन्न, कुलपति बोले

# आदिवासी नृत्य का प्रदर्शन संस्कृतियों को जोड़ता है

### विश्वविद्यालय के इतिहास में नया अध्याय जुड़ा : कुलसचिव एल.एस. सोलंकी

**नवीन मेल नेटवर्क। महू**

डॉ. आम्बेडकर कीं 132 वी जयंती के अवसर पर पहली बार चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर उनके नाम से स्थापित द्रव बी॰आर॰ आम्बेडकर सामाजिक विश्वविद्यालय ने एक कीर्तिमान बनाया हैं। विश्वविद्यालय ने इस अवसर पर राष्ट्रीय संगोष्ठी विस्तार कार्यक्रम शोध रिसर्च पेपर प्रस्तुति एव नवाचार तथा समाज को जोड़ने के उद्देश्य से आदिवासी नृत्य का आयोजन कर विश्वविद्यालय के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़कर कीर्तिमान स्थापित किया हैं। विश्वविद्यालय भविष्य में भी आयोजनो के माध्यम से समाज व लोक को जोड़ने का



कार्य करता रहेगा। उक्त बातें विश्वविद्यालय के कुलपति डाक्टर रामदास आत्राम ने कही। जनजातीय परम्परा, संस्कृति में उल्लास और जीवन दिखाई देता है। आदिवासी नृत्य का प्रदर्शन संस्कृतियों को जोड़ता है। आदिवासी मध्य प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों से आये चारों सांस्कृतिक नृत्य दलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। नृत्य दलों में उनके पहनावे, शस्त्र, गीत एवं संस्कृति उनकी परंपरा एवं उनकी संस्कृति को चित्रित करते हैं। सभी सांस्कृतिक दलों को सम्मानित कर हम गौरवान्वित हो रहे हैं। उक्त बातें डॉ. बी.आर. आम्बेडकरसामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राम दास आत्राम ने चार- दिवसीय डॉ. आम्बेडकरजयंती समारोह के चतुर्थ दिन 'सांस्कृतिक कार्यक्रम आदिवासी नृत्य' के समापन एवं पुरस्कार वितरण के अवसर पर कही। इस विश्वविद्यालय के कुलसचिव एव द्रष्टा डा॰एल॰एस॰सोलंकी ने कहां कि आज का दिन इतिहास के पन्नो में दर्ज हों गया हैं कि मध्य प्रदेश के 4 सांस्कृतिक दल मरियम ग्रुप खोखर खांदन, थांदला, आदिवासी नारीशक्ति, झाबुआ, आदिवासी नुक्कड़ नाटक दल, भामल झाबुआ एवं आदिवासी ग्रुप चंद्रशेखर आजाद, अलीराजपुर ने पारंपरिक परिधानों, गीत-संगीत एवं पारंपरिक शस्त्र धनुष-बाण, लाठी, तलवार ढोल, मृदंग एवं वाद्ययंत्रों से प्रस्तुतिकर मन मोह लिया। विश्वविद्यालय द्वारा पुष्पों की वर्षाकर आदिवासी संस्कृति के वाहकों का सम्मान एवं प्रोत्साहन किया। कार्यक्रम के शुरूआत में कुलपति डाक्टर रामदास आत्राम का स्वागत सांस्कृतिक दलों ने आदिवासी प्रतीक पगड़ी पहनाकर किया। सर्वप्रथम आदिवासी समूह के साथ विश्वविद्यालय मे वाद्ययंत्रों संकाय सदस्यों के साथ रेली निकाली गयीं जिसका नेतृत्व कुलपति एव कुलसचिव ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता की गयी, जिसमें सभी दलों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में कुलपति डॉ.रामदास आत्राम ने अध्यक्षता, मुख्य अतिथि संजय यादव निदेशक स्वराज संस्थान, भोपाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.शामराव करोटी अधिष्ठाता, इतिहास विभाग नागपुर विश्वविद्यालय, एच. आर.चौहान, चीफ इंजीनियर एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में जनजाति प्रकोष्ठ राजभवन, भोपाल की सलाहकार डॉ. दीपमाला रावत, कुलसचिव डॉ. एल.एस. सोलंकी एवं वित्त नियंत्रक एवं संयोजक नीलम निनामा एवं सह-संयोजक डॉ. संगीता मसानी मौजूद रहीं। अतिथियों ने सभी दलों, मरियम ग्रुप खोखर खांदन, थांदला की मुखिया फ्रांसिस भाभोर, आदिवासी नारीशक्ति, झाबुआ की मुखिया अन्नू भाभोर, आदिवासी नुक्कड़ नाटक दल, भामल झाबुआ के मुखिया गंगा प्रसाद डामर एवं आदिवासी ग्रुप चंद्रशेखर आजाद, अलीराजपुर के मुखिया जालमसिंह डावर को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपए, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कुलसचिव डॉ. एल.एस. सोलंकी एव प्रदीप कुमार ने किया। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रो. डी.के. वर्मा, विभिन्न प्रदेशों के दर्शनार्थी एवं राष्ट्रीय स्तर के उपस्थित रहे।

